प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

फार्मर फर्स्ट परियोजना के अंतर्गत एक–दिवसीय भ्रमण एवं कार्यशाला कार्यक्रम

पंतनगर। 13 जनवरी 2025। विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय के कृषि संचार विभाग में संचालित फार्मर फर्स्ट परियोजना के तहत एक भ्रमण एवं कार्यशाला कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सूर्यजाला गांव ब्लॉक भीमताल की महिला किसानों ने उत्साहपूर्व प्रतिभाग किया। परियोजनाधिकारी डा. एम.ए. अंसारी एवं सह परियोजना अधिकारी डा. किरन राना, डा. अर्पिता शर्मा काण्डपाल, डा. अनिल चहल, डा. अनिल कुमार, डा. ललित भट्ट, डा. अमन कम्भोज के द्वारा महिला किसानों को नई तकनिकियों तथा कृषि उत्पादों के विपणन के बारे में बताया गया व उनकी कृषि से संबंधित परेशानियों के बारे में चर्चा की गयी। इसके तहत महिला किसानों को पंतनगर के मशरूम अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केन्द्र, कुक्कुट फार्म, खाद्य एवं प्रसंस्करण विभाग, सब्जी अनुसंधान केन्द्र का भ्रमण कराया गया। साथ ही किसानों को सब्जी अनुसंधान केन्द्र में प्याज की पौध भी वितरण किया गया। भ्रमण एवं कार्यशाला में लगभग 50 महिला किसानों ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम में परियोजना में कार्यरत एस.आर.एफ. डा. नेहा आर्या एवं प्रक्षेत्र सहायक श्वेता सिंह भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम कृषक महिलाओं के साथ अधिकारीगण।

निदेशक संचार